दिन– शनिवार | दिनांक– 26 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण पूरा हुआ। चुनाव आयोग ने कहा – एक अगस्त को प्रकाशित होगा मतदाता सूची का प्रारुप।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घोषणा। बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब पात्र पत्रकारों को पन्द्रह हजार रूपये मासिक पेंशन दिया जाएगा। पारिवारिक पेंशन दस हजार रुपये।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, करगिल विजय दिवस पर राष्ट्र आज कर रहा है शहीदों को नमन। वीर जवानों के सम्मान में देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण आज समाप्त हो गया। इसके तहत निन्यानवे फीसदी मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किये। निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इन सभी मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप में शामिल किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची के प्रारूप में नहीं होगें, वे एक अगस्त से एक सितंबर के बीच दावा–आपत्ति कर सकेंगे। आयोग के अनुसार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक लाख दो हजार मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा नहीं किये गयें हैं। सत्यापन के क्रम में मतदाता सूची में लगभग बाईस लाख मृत मतदाताओं के नाम पाए गये हैं। इसके साथ ही लगभग पैंतीस लाख मतदाता ऐसे मिले जो स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं और सात लाख मतदाताओं का नाम एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत पाया गया। ऐसे अपात्र लोगों के नाम ही मतदाता सूची से हटाए जायेंगे।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर विपक्ष का हंगामा सिर्फ दिखावा है। उन्होंने कहा कि आज तक विपक्ष ये नहीं बता सका कि किसी पात्र मतदाता का नाम कट रहा है।

———बाइट———

वहीं, भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि यह सभी को स्पष्ट है कि जो भारत का नागरिक है और उस निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है वही वोट करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग योग्य मतदाताओं की पहचान कर उनके मताधिकार को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है।

———बाइट———

जदयू नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि एसआईआर के पहले चरण में मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया है। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष को सकारात्मक रूख अपना कर चुनाव आयोग के साथ सहयोग करना चाहिए।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि बिहार की जनता एनडीए पर मेहरबान है। उन्होंने रोहतास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष के लोग सिर्फ जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को छह हजार रूपये की जगह पन्द्रह हजार रूपये मासिक पेंशन देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति–पत्नी को अब जीवनभर दस हजार रूपये की पेंशन राशि मिलेगी। पहले यह राशि तीन हजार रूपये थी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम स्थित माता जानकी जन्मभूमि मंदिर परिसर के लिए स्वीकृत समग्र विकास योजना का स्थल भ्रमण कर

जायजा लिया। उन्होंने मां जानकी की प्रकाट्य स्थली उर्विजा कुंड का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने आठ अगस्त को होने वाले मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये। उन्होंने माता जानकी मंदिर में पूजा–अर्चना की। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

मुख्यमंत्री ने मधुबनी में आयोजित समारोह में आज छह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में पुरानी कमला और जीवछ कमला नदी का पुनर्जीविकरण, माता सीता और प्रभु श्री राम के प्रथम मिलन स्थल फुलहर स्थान का पर्यटक स्थल के रूप में विकास कार्य शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जयनगर शहीद चौक के पास रेल ओवर ब्रिज और मधुबनी में अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

---

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अध्यक्षों का मनोनयन किया है। पार्टी के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती कांति सिंह को महिला प्रकोष्ठ, सांसद अभय कुशवाहा को युवा प्रकोष्ठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ और सांसद सुधाकर सिंह को किसान प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा

प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर सामने आये हैं। विश्व स्तर पर हुए सर्वे के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी पचहत्तर प्रतिशत लोगों की अप्रुवल रेटिंग के साथ पहले स्थान पर हैं। सर्वे में श्री मोदी से संबंधित पूछे गए सवाल के जवाब में दो तिहाई से अधिक लोगों ने उनका समर्थन किया है। सर्वे में दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली. जे. मयोंग और तीसरे स्थान पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली रहे हैं।

---

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ निन्यानवे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट –

–––बाइट–––

कारगिल विजय दिवस पर पूरा देश उन बहादूर वीरों को याद कर रहा है जिन्होंने 1999 की भारत–पाकिस्तान युद्ध में अपनी जान की कुर्बानी दी। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। इसमें भारतीय सेना ने कारगिल के उन इलाकों दोबारा अपने नियंत्रण में लिया, जहाँ पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। करीब 60 दिनों तक चला यह युद्ध आज के दिन खत्म हुआ था। हिमालय की ऊंची पहाडियां भी भारतीय सैनिकों के साहस के आगे छोटी पड़ गईं जब उन्होंने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और वहां तिरंगा फहराया। इस युद्ध में कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, लेफ्टिनेंट कीशिंग क्लिफोर्ड नोंग्रुम और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे जाबाजों ने युद्ध में भारत की जीत का परचम लहराया। इस युद्ध में कठिन भौगोलिक हालात भारतीय सेना के मजबूत इरादों को डिगा नहीं सकी और प्रत्येक जवान ने अपनी अद्भुत वीरता का परिचय दिया। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के करगिल चौक पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिलाधिकारी त्याग राजन एस.एम. ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीरों को नमन किया।

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और सुपौल समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान आंधी–पानी और वज्रपात की आशंका जताई है। इधर, पटना और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाये हुए हैं। कहीं–कहीं तेज हवा के साथ रूक–रूक कर हल्की बारिश हो रही है।

---

राज्य के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण गंगा, कोसी, गंडक और बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी है। कोसी नदी के जलस्तर में भी गिरावट के बावजूद खगड़िया में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

---

इधर, कटिहार जिले में गंगा, कोसी, महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद कई प्रखंडों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित है। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

जिले में गंगा, कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर घटा है लेकिन ये नदियां अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। इधर, महानंदा नदी का जलस्तर नीचे उतरने के बाद आजमनगर समेत कई इलाकों में भीषण कटाव हो रहा है। आजमनगर घाट के निकट 300 से 400 मीटर की दूरी पर डाउनस्ट्रीम साइड में कटाव से सैंकड़ों एकड़ में लगी फसल डूब गयी है। कटाव का सिलसिला रिंग बांध तक पहुंचने का खतरा है। इसे लेकर बांध से सटे टोलो और मोहल्लों में भय का माहौल है। गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण सेमापुर के मोहना चांदपुर पंचायत, अमदाबाद प्रखंड के चौकिया पहाड़पुर, दुर्गापुर और खट्टी भवानीपुर पंचायत और कुर्सेला के दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई घर बाढ़ के पानी से पूरी तरह घिर चुके हैं। कई स्थानों पर सड़क संपर्क टूट जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण पूरा हुआ। चुनाव आयोग ने कहा – एक अगस्त को प्रकाशित होगा मतदाता सूची का प्रारुप।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की घोषणा। बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब पात्र पत्रकारों को पन्द्रह हजार रूपये मासिक पेंशन दिया जाएगा। पारिवारिक पेंशन दस हजार रुपये।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, करगिल विजय दिवस पर राष्ट्र आज कर रहा है शहीदों को नमन। वीर जवानों के सम्मान में देश–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।